हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

16 जून 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार:</u>

1. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की 42वीं बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शहरी नियोजन, पर्यावरण संरक्षण और संरचना एवं सतत विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा। चार नए ग्रीनफील्ड शहर विकसित करने का निर्णय लिया गया।

2. हरियाणा में इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में रिकार्ड भागीदारी का लक्ष्य रखा गया।

3. हरियाणा विधान सभा परिसर और श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

4. सरकार ने नीट में पारदर्शिता बढाने और पेपर लीक की आशंकाओं को समाप्त करने के लिए 22 जून तक टेलीग्राम एप्लिकेशन पर ऑनलाइन संदेश भेजने पर रोक लगाई।

5. केंद्र सरकार ने गांवों में कफ सिरप की बिक्री पर दी गई छूट वापिस ली।

*********************************************************************

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की 42वीं बैठक हुई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस बैठक में शामिल हुए।

बैठक के उपरांत संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के क्षेत्रीय दायरे में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा

उन्होंने बताया कि बैठक में एनसीआर के भविष्य के विकास, शहरी नियोजन, पर्यावरण संरक्षण, संरचना और सतत विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने बताया कि आज की बैठक में रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम के साथ-साथ चार नए ग्रीनफील्ड शहर विकसित करने का महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया गया। बोर्ड के सभी सदस्य राज्य एक-एक नए ग्रीन फील्ड शहर की विकास योजना भेजेंगे। नमो सिटी के नाम से विकसित होने वाले यह शहर आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और आत्मनिर्भर शहरी केंद्र के रूप में विकसित किए जाएंगे।

*************************************************************************

हरियाणा की राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा है कि इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में रिकार्ड भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है।

आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागों को राज्य भर में योग कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. मिश्रा ने इस बार के योग दिवस समारोह को एक जन-आंदोलन बनाने और स्वास्थ्य व तंदुरुस्ती के प्रति हरियाणा की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए लोगों की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया।

बैठक के बाद डॉ. मिश्रा ने बताया कि 18 मई से पूरे हरियाणा में योग गतिविधियां चल रही हैं और इनमें अब तक 20 लाख 36 हजार से अधिक नागरिकों ने भाग लिया है। इसके अलावा विभिन्न जिलों में आयोजित विभागीय योग कार्यक्रमों में भी 13 लाख से अधिक लोगों ने भागीदारी की है।

*************************************************************************

हरियाणा विधान सभा परिसर मे आज सुबह 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, विधायकों, योग आयोग के अध्यक्ष योगाचार्य डॉ. जयदीप आर्य, उपाध्यक्ष डॉ. रोशन लाल व हरियाणा विधान सभा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत योग को पूरे विश्व ने अपनाया है और सभी इससे लाभान्वित भी हो रहे हैं।

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि योग मनुष्य को स्वस्थ ही नहीं तनाव मुक्त भी रखता है।

************************************************************************

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता राज्य मंत्री राजेश नागर ने आज श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में आयुष विभाग द्वारा आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। राज्य मंत्री ने खुद योग कर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया।

आयुष मंत्रालय की ओर से 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' घोषित की गई है। वहीं हरियाणा सरकार द्वारा 'योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा' थीम के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा।

राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि योग हमारी प्राचीन धरोहर है, योग तन ही नहीं मन को भी स्वस्थ रखता है।

************************************************************************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए ने बताया है कि पारदर्शिता बढाने और पेपर लीक की आशंकाओं को समाप्त करने के लिए सरकार ने 22 जून तक टेलीग्राम एप्लिकेशन पर ऑनलाइन संदेश भेजने पर रोक लगा दी है।

एनटीए ने कहा कि यह प्रतिबंध नीट पुनर्परीक्षा के दिन और उसके तुरंत बाद तक लागू रहेगा। एजेंसी ने कहा कि टेलीग्राम को 30 तारीख तक पहले से पोस्ट किए गए संदेशों को संपादित करने की सुविधा को भी बंद करने का निर्देश दिया गया है।

************************************************************************

मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए दोबारा होने वाली नीट परीक्षा के लिए रोहतक जिले में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। 21 जून को यह परीक्षा दोपहर बाद 2 से सवा पाँच बजे तक ऑफलाइन मोड में होगी।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आज नीट के सुचारू संचालन के लिए प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्र पुलिस सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए जाएंगे। यह वाहन बिना रुके संबंधित परीक्षा केंद्र पर पहुंचेंगे। इस दौरान वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर एवं सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

************************************************************************

केंद्र सरकार ने औषधि नियम, 1945 में संशोधन अधिसूचित किया है। इसमें गांवों में कफ सिरप की बिक्री पर दी गई छूट वापस ले ली गई है। अब गांवों में कफ सिरप की बिक्री और वितरण केवल विधिवत लाइसेंस प्राप्त फार्मेसियों के माध्यम से ही किया जाएगा। यह संशोधन सिरप आधारित औषधियों पर नियामकीय निगरानी को और सुदृढ करने तथा छूट संबंधी व्यवस्था को वर्तमान जन स्वास्थ्य और सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

***********************************************************************

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से आज हिसार में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा 12 वर्षों में चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।इस अवसर पर पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।

***********************************************************************